BSES

मुख्यमंत्री ने किया बीआरपीएल के फतेहपुर बेरी ग्रिड का उद्घाटन

3 लाख लोगों को मिलेगी बेहतर बिजली आपूर्ति

नई दिल्लीः 10 जून, 2018। दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल ने आज दक्षिण दिल्ली में बीआरपीएल के 66/11 केवी फतेहपुर बेरी ग्रिड का उद्घाटन किया। इस ग्रिड से इलाके के तीन लाख लोगों को बेहतर व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

ग्रिड के उद्घाटन के अवसर पर माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय विधायक श्री करतार सिंह और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल की सीनियर मैनेजमेंट टीम भी वहां उपस्थित थी।

ग्रिड के उद्घाटन के मौके पर बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा ने कहा– नए ग्रिड से बीआरपीएल, न सिर्फ इस इलाके में बिजली की तेजी से बढ़ रही मांग व जरूरतों को पूरा करने में सफल होगी, बल्कि अन्य क्षेत्रों के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दिल्ली में बिजली की बढ़ती भूख को ध्यान में रखते हुए बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी उसी अनुमान में ध्यान देना होगा।

श्री सिन्हा ने कहा – 45 करोड़ रूपये की लागत से तैयार हुआ यह 66/11 केवी ग्रिड दक्षिण दिल्ली के इस तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इस ग्रिड के बनने से इलाके में बिजली वितरण की क्षमता में 50 एमवीए की बढ़ोतरी हुई है। इससे नेटवर्क का उन्नतिकरण होगा और न सिर्फ फतेहपुर बेरी, बल्कि चंदन होले, भाटी माइन, छतरपुर फार्म्स, डेरा भाटी और असोला जैसे क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति में भी सुधार आएगा और करीब 3 लाख लोगों की आबादी को फायदा होगा।

दरअसल, दिल्ली में बिजली की मांग सालाना 4–5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग को देखते हुए बीआरपीएल, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में लगातार अपने वितरण इंफ्रास्ट्रकर का उन्नतिकरण कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीआरपीएल ने दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में 66/11 कवी के एक ग्रिड सब–स्टेशन का निर्माण किया है।

इस क्षेत्र में बिजली वितरण नेटवर्क की क्षमता पहले 80 एमवीए थी। नया ग्रिड के शुरू होने से, नेटवर्क की क्षमता 50 एमवीए बढ़कर, अब 130 एमवीए हो गई है, जो कि वर्तमान में और निकट भविष्य इस इलाके की बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगी।

यह ग्रिड स्टेशन अगली पीढ़ी के वितरण तकनीकों से लैस है और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है। यह एक मानव–रहित ग्रिड है और इसे स्काडा यानी सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा ऐक्सेस सेंटर से सीधे कंट्रोल किया जा सकता है। इस ग्रिड में 66 केवी की पावर केबलें लगाई गई हैं। यहां फाइबर ऑप्टिक कनेक्टिविटी है, एयर इंसुलेटेड सब–स्टेशन है और यह एन–1 लोडिंग कंप्लाएंस को पूरा करता है।

इस ग्रिड स्टेशन के आकार के बारे में इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसके निर्माण के दौरान 36 किलोमीटर लंबी केबलें बिछाई गई हैं।

इस ग्रिड के बनने के बाद, अब बिजली फीडरों की दूरी करीब 50 प्रतिशत घट जाएगी, जिससे इलाके के निवासियों को बेहतर व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

क्षेत्र में बिजली नेटवर्क का उन्नतिकरण

बिजली नेटवर्क के उन्नतिकरण के लिए, बीआरपीएल ने वित्त वर्ष 2017—18 के दौरान, इस इलाके में 52 करोड़ रूपये का निवेश किया है।

इलाके में बिजली की मांग में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए, वित्त वर्ष 2018—19 के दौरान, बीआरपील ने फतेहपुर बेरी क्षेत्र में 12 करोड़ रूपये के निवेश की योजना बनाई है, ताकि बिजली के नेटवर्क को बेहतर व शक्तिशाली बनाया जा सके। इस योजना के तहत, मुख्य तौर पर 26 वितरण ट्रांसफॉर्मरों का उन्नतिकरण किया जाएगा और उनकी क्षमता में 8 एमवीए की बढ़ोतरी की जाएगी। इसके अलावा, 20 किलोमीटर अतिरिक्त लो टेंशन बिजली नेटवर्क की लाइनें भी बिछाई जाएगी।

आने वाले दिनों में इस इलाके में बिजली के लोड में और अधिक बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसे पूरा करने के लिए, तेजी से विकसित हो रहे इस इलाके में एक और ग्रिड बनाने व अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने की जरूरत होगी, क्योंकि यह एरिया गुड़गांव बॉर्डर तक फैला हुआ है। लेकिन, ग्रिड के लिए जमीन और बिजली कंडक्टर टावर्स के निर्माण के लिए राइट ऑफ वे की अनुमति होना आवश्यक है। यहां के कुछ क्षेत्र को फॉरेस्ट/ रिज एरिया के तौर पर रेखांकित किया जा चुका है। आने वाले दिनों में बिजली का अतिरिक्त नेटवर्क बिछाने के लिए बीआरपीएल को विभिन्न विभागों और स्टेकहोल्डरों के सक्रिय सहयोग की जरूरत होगी।

मुख्यमंत्री ने बीआरपीएल मुख्यालय में तिरंगा फहराया

फतेहपुर बेरी में ग्रिड के उद्घाटन से पहले, दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल ने बीआरपीएल के नेहरू प्लेस मुख्यालय में 35 मीटर ऊंचे खंभे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और फिर, परिसर में ही स्थित बिजली डिजी सेवा केंद्र का दौरा भी किया। दरअसल, बीआरपीएल ने, पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर बिजली डिजी सेवा केंद्र शुरू किए हैं, जो वास्तव में एक सिंगल विंडो सिसटम की तरह काम करते हैं, जहां उपभोक्ताओं को बिना किसी भागदौड़ के, न्यू कनेक्शन, लोड, नाम व पते में परिवर्तन जैसी सेवाएं काफी कम डॉक्यूमेंट्स के आधार पर उपलब्ध कराई जाती हैं। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की कई पहल शुरू की गई हैं।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ध्वजारोहन और बिजली डिजी सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन के अलावा, विधायकगण श्री अवतार सिंह, श्री सौरभ भारद्वाज, श्री सही राम, श्री मदन लाल और श्री परवीन कुमार भी मौजूद थे।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....